तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री


न्यूनतम 27.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026



12 देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहे कुएं, गिरता...



11 बलौदाबाजार से सिमगा सड़क के लिए राशि...







छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 24/04/2026 (संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065 9340311314, 9303893829


# अक्षय तृतीया पर प्रशासन की सख्ती, जिले में रोके 5 बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अक्षय तृतीया पर विवाह हेतु शुभ मुर्हत होने तथा बहुतायत में विवाह होने पर बाल विवाह की बलवती संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में विवाहों का सतत परीक्षण करने का निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई,चाईल्ड हेल्पलाईन एवं पुलिस थानों की 3 टीम अक्षय तृंतीया के दिन एवं उसके दूसरे दिन के गठित की गई है। उक्त टीम द्वारा बलौदाबाजार जिले के सभी विकासखण्डों में जाकर हो रहे विवाहों के वर - वधु की आयु का परीक्षण किया जा रहा है। कुल 5 प्रकरणों में 8 लोगों के हो रहे बाल विवाह को रोका गया है एवं एक मामलें में भारतीय न्याय संहिता, लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम एवं दूसरे मामलें में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों में प्रकरण भी संबंधित थानों में दर्ज कराकर वैधानिक कार्यवाही भी की गई है। प्रथम दिवस 19 अप्रैल को पलारी, कसडोल एवं सिमगा विकासखंड के ग्रामों में हो रहे विवाह का निरीक्षण टीम के द्वारा किया गया। जिसमें सिमगा विकासखंड के ग्राम चौरेंगा एवं बछेरा में नाबालिग बालकों का विवाह करने का प्रकरण सामने आया जिस पर दोनों पक्षों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी प्रदान कर परिजनों को बाल विवाह नहीं करने के लिए तैयार किया गया एवं घोषणा पत्र में हस्ताक्षर कराए गए।

## 5 प्रकरणों में 8 नाबालिगों का रुकवाया गया विवाह



### सीएम के संकल्प को पूरा करने की कवायद

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ राज्य 31 मार्च 2029 तक बनाए जाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रशासन द्वारा अब समझाईश देने के साथ दांडिक प्रकरण भी दर्ज किए जा रहे है। बाल विवाह के बालिकाओं पर पड़ने वाले शारीरिक, मानसिक,सामाजिक दुष्प्रभावों से बचाने एवं उन्हे सुरक्षित एवं उज्जवल भविष्य प्रदान करने के लिए प्रषासन के द्वारा अब सख्ती से कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। जिला बाल संरक्षण इकाई की पूरी टीम के द्वारा उक्त आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई गई।

## खबर संक्षेप

### टेलकी में जन्मा दो सिर वाला बछड़ा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल के ग्राम ठेलकी के दशहरा मैदान में रावण मूर्ति के पीछे नहर किनारे रविवार बैशाख तिथि द्वितीया को एक गौ माता ने प्रातः 6 बजे दो सिर वाले एक बछड़े को जन्म दिया, तत्पश्चात कुछ ही क्षण में बछड़ा मृतप्राय हो गया, कौतूहल वश देखते ही देखते थोड़ी ही देर में जनसमुदाय की भीड़ लगने लगी और भगवान की लीला मानकर पान फूल रूपया पैसा चढ़ाकर प्रणाम करने लगे, गांव वाले श्रद्धापूर्वक पास में ही नहर किनारे गडढ़े खोदकर मिट्टी देकर यादगार समाधी स्थल के रूप में चबुतरा निर्माण कर रहे हैं।

### हत्या के प्रयास के मामले में छह आरोपी बरी

**बलौदाबाजार।** गिधौरी थाना क्षेत्र में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में न्यायालय ने सभी छह आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को प्रमाणित करने में असफल रहा, जिसके चलते आरोपियों को बरी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खपरीडीह में रेत ढुलाई की शिकायत को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों गयाराम पटेल, केवल केवट, दिलहरण कश्यप, यशवंत पटेल, दिग्विजय वैष्णो एवं आनंद राम पटेल पर प्रार्थी परमेश्वर साहू निवासी ग्राम कुम्हारी के साथ जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया गया था। शिकायत में बताया गया था कि आरोपियों ने खपरीडीह के बीच चौक में रोककर खंभे मे बांध कर बेदर्दी से लाठी, रॉड और बेल्ट से मारपीट की थी, मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था। इस मामले में गिधौरी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण क्रमांक 104/2025 के रूप में ▶▶ शेष पेज 11 पर

## विकास : तीन सड़कों का मुख्यमंत्री साय ने किया वर्चुअल भूमि पूजन

# सारंगढ़ को मिली सड़कों की सौगात, 108 लाख की लागत से बनेगा रिवापार मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का दायरा ग्रामीण अंचलों में लगातार बढ़ रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा और मंत्री ओपी चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की कई सड़कों का भूमिपूजन किया। इस कार्यक्रम में सारंगढ़ जिले में भी उत्साह का माहौल रहा, जहाँ वर्चुअल भूमिपूजन में सारंगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय, सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े, जिला पंचायत सीईओ, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़कों की आधारशिला रखी गई, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। जिन मार्गों का भूमिपूजन हुआ, उनमें प्रमुख रूप से रिवापार से डंगनिया तक पहुँच मार्ग। कनकबीरा से नरेश नगर तक पहुँच मार्ग। नवाडीह से गंधराचुवा तक पहुँच मार्ग। इन विकास कार्यों की सौगात मिलने से लंबे समय से सड़क की बाट जोह रहे ग्रामीणों में भारी उत्साह है।




### सालों पुरानी मांग हुई पूरी

रिवापार से डंगनिया तक बनने वाली सड़क के लिए सारंगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 की जनपद सदस्य हेमा विश्वनाथ बसंत ने विशेष प्रयास किए थे। उन्होंने जून 2025 में मंत्री टंकराम वर्मा और मंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखकर इस सड़क की मांग की थी। उनकी इस मेहनत और सक्रियता का परिणाम है कि आज यह सड़क स्वीकृत हुई है। इस महत्वपूर्ण मार्ग की लंबाई 1.50 किलोमीटर है, जिसके निर्माण के लिए 108.57 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। सड़क निर्माण की घोषणा से रिंवापार और डंगनिया के ग्रामीणों के आवागमन की समस्या हमेशा के लिए दूर हो जाएगी। इस सफलता पर जनपद सदस्य श्रीमती हेमा विश्वनाथ बसंत ने मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्रियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया है।

### ग्रामीणों के लिए वरदान बनेगी नई सड़क

ग्रामीणों का कहना है कि इन सड़कों के बन जाने से गांव, कस्बों और शहरों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ पाएंगे, जिससे व्यापार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्रामीण विकास को नई गति मिली है।

# जिले में अवैध खनन का डेढ़ महीने में 204 प्रकरण दर्ज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के कड़े निर्देश पर खनि प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही क्ी जा रही है। लगभग डेढ़ माह में खनिजो के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के 204 प्रकरणों में 58 लाख रुपए का अर्थदंड प्रस्तावित है। खनि प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत डेढ़ में खनिज विभाग के द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न खनिजों सहित खनिज अवैध उत्खनन के 141 एवं अवैध परिवहन के 63 प्रकरण खनिज अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया है। इसमें अवैध ईट निर्माण के 138, रेत के 1 एवं मुरूम के 2 प्रकरण शामिल हैं। खनिज रेत के अवैध परिवहन के 55, खनिज चूनापत्थर के 6, ईट के 2 प्रकरण दर्ज कर खान एवं खनिज (विकास तथ विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 (1) 23 (ख), सहपठित छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 एवं छत्तीसगढ़ खनिज (उत्खननन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के नियम 4(3) के प्रावधानो के तहत उक्त प्रकरणों पर 58 लाख रूपये अर्थदंड राशि प्रस्तावित किया गया है।

■ 58 लाख का अर्थदंड प्रस्तावित

# बोहारडीह जैतखाम मामला, भ्रामक पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने थाना गिधपुरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोहारडीह में जैतखाम टूटने की घटना को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है।पुलिस के अनुसार, 19 अप्रैल को शाम लगभग 5:15 बजे व्हाट्सएप पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें ग्राम बोहारडीह में एक जैतखाम के टूटने का दृश्य दिखाया गया। वीडियो को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक (कैंप कसडोल) कौशल किशोर वासनिक एवं थाना प्रभारी गिधपुरी निरीक्षक उनेश देशमुख सहित पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।




### अफवाहों से बचने की अपील

घटनास्थल के प्रारंभिक एवं सूक्ष्म निरीक्षण में पाया गया कि संबंधित जैतखाम पुरानी एवं पतली लकड़ी से बना हुआ था, जो तेज हवा या बंदरों के कूदने के कारण टूटना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से भी पूछताछ की, जिसमें बताया गया कि सुबह तक जैतखाम सही स्थिति में था तथा तेज हवा और बंदरों की गतिविधि के कारण उसके टूटने की संभावना जताई गई। पुलिस टीम ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में मौके का निरीक्षण कर पंचनामा भी तैयार किया है। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि इस घटना से संबंधित किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी, मिथक, भड़काऊ बयान या वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित न करें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने या भ्रामक सामग्री प्रसारित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट के आरोप में आदतन बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने महिला की शिकायत पर मारपीट के आरोप में एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने शंकर धृतलहरे को गिरफ्तार किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि डेढ़ माह पूर्व उसकी किराना दुकान के सामने शंकर तथा उसके अन्य साथी गाली-गलौज कर रहे थे। महिला के पिता द्वारा गाली-गलौज करने से मना करने पर बदमाशों ने महिला के पिता की बुरी तरह से लाठी-डंडों से पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए थे।
शंकर के अन्य साथियों की पुलिस पतासाजी कर रही है। शंकर आदतन बदमाश है।



## सड़कों पर सन्नाटा, घरों में दुबके लोग

# पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा, गर्म हवा के थपेड़ों ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन



नगर व क्षेत्र में गर्मी ने अचानक तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। कुछ दिन पहले से सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान किया, वहीं दोपहर होते-होते गर्म हवाओं ने स्थिति और अधिक गंभीर कर दी जिससे सड़कों पर आवाजाही कम नजर आई। तेज धूप और गर्म हवा के कारण लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकलें।

■ मिट्टी के घड़ों की मांग बढ़ी

बाजारों में दोपहर के समय सामान्य दिनों की अपेक्षा कम भीड़ देखी गई। दिहाड़ी मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों ने सिर और चेहरे को कपड़े से ढककर यात्रा की। अनुमान है कि आगामी चार दिनों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी सतर्कता बरतने की सलाह जारी की है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि सुबह 11 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर ना निकले अगर बाहर जाना जरूरी हो तो सर को टोपी चश्मे अथवा गमछे से ढककर रखें हल्के और ढीले कपड़े पहने तथा पानी का सेवन अधिक करें। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रही प्रचंड गर्मी के बदले मिजाज संग तालमेल बिठाने के लिए सेहत का ठीक होना जरूरी है।

ऐसे में इस भीषण गर्मी में शरीर को ठंडक प्रदान करने के लिए मिट्टी के घड़े को पसंद किया जा रहा है। ऐसे में देसी फ्रिज यानी मिट्टी के घड़े और सुराही की मांग बाजार में खूब बढ़ गई है।

### बाजार में देसी फ्रिज की धूम

गर्मी की तपिश से गला तर करने के लिए लोग मिट्टी के घड़े और सुराही की खरीदारी कर रहे हैं। इस वजह से घड़ा लोगों की पहली पसंद बन गया है। गर्मी के दिनों में काफी लोग फ्रिज का पानी पीने की बजाय मटके का पानी पीना ज्यादा पसंद करते है। घड़े में एक तो मिट्टी का सौंधापन होता है, दूसरे उसके पानी की तासीर अलग होती है। रविवार साप्ताहिक बाजार में मिट्टी से बने बर्तनों को खरीदने के लिए ज्यादातर लोगों की भीड़ देखने को मिली। बाजार में मटके की दुकानों पर बड़े बुजुर्ग महिलाएं युवा वर्ग मिट्टी के घड़े खरीदते नजर आ रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिए दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। इसके अलावा नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी जैसे तरल पदार्थ शरीर को ठंडा रखने में मदद करते हैं। कैफीन और ज्यादा मीठे पेय पदार्थों से बचने की सलाह दी गई है।

# 4 करोड़ खर्च कर लगाए 30000 पौधे, सालभर में बचे सिर्फ 5 प्रतिशत, 95 फीसदी सूखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण के नाम पर गड़बड़झाला हुआ है। 4 करोड़ खर्च कर लभांडी में एक ही जगह 30 हजार पौधे रोपित करने का दावा विभाग के अधिकारियों ने किया। बताई गई जगह पर 1 साल बाद मात्र 1500 पौधे जीवित मिले, बाकी के 95 फीसदी पौधे कहां गए, इसका जवाब विभागीय अधिकारियों के पास नहीं है। विभाग के एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने इस संबंध में संबंधित इंजीनियर और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से जानकारी मांगी है, सोमवार को वस्तुस्थिति देखने वे स्थल पर जाएंगे। विदित हो कि नगर निगम ने उद्यानिकी विभाग ने रायपुर की एजेंसी को इस कार्य के लिए पूर्व में ठेका दिया।

## लभांडी में एक ही जगह 30 हजार पौधे रोपित करने का दावा

### जिम्मेदारी से बच नहीं सकते अधिकारी

30 हजार लगाए गए पौधे आखिर कहां गए? निगम के पर्यावरण एवं विभाग के तत्कालीन अधिकारी जो इस काम को देखते थे, उन्हें बताना पड़ेगा कि अनुबंधित एजेंसी के काम की निगरानी क्यों नहीं हुई? 4 करोड़ रुपए की जिम्मेदारी से विभाग के अधिकारी बच नहीं सकते, अनुबंधित एजेंसी भी पूछताछ करेंगे।

**- मीनल चौबे**
महापौर, नगर निगम रायपुर



### देखरेख में कोताही मर गए कई पौधे

लभांडी स्थित पीएम आवासीय परिसर में जिस जगह पर उद्यान विभाग के तत्कालीन सब इंजीनियर और पर्यावरण व उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने 30 हजार पौधा लगाने का दावा किया, उस जगह पर दोबारा पौधों की देखरेख व निगरानी में कोताही बरती गई। सूत्रों के मुताबिक ठेका एजेंसी ने शुरूआत के कुछ माह में दिहाड़ी पर महिला मजदूर रखकर पौधों की देखरेख और सिंचाई करने की व्यवस्था की। पर बाद में इन पौधों की देखरेख में लापरवाही बरती गई। इसके चलते तेज धूप में बिना पानी के हजारों पौधे सूखकर मर गए। इसके बाद भी निगम प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

रायपुर नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग में पौधारोपण को लेकर गड़बड़ी सामने आई है। पूर्ववती कांग्रेस शासन काल में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने टेंडर कर रायपुर की एजेंसी को पौधारोपण का जिम्मा दिया। इसमें लभांडी में एक ही जगह 30 हजार पौधे लगाने का दावा किया गया। विभाग की समीक्षा बैठक में एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने पौधारोपण की जानकारी मांगी, तब विभागीय अधिकारियों से उन्हें यह जानकारी दी। जब वे निरीक्षण करने पहुंचे, तो वहां करीब 1500 पौधे दिखाई दिए। इस बात से बिफरे संबंधित एमआईसी सदस्य ने निगम आयुक्त विश्वदीप से मिलकर पत्र देकर अवगत कराया कि पौधारोपण की गलत जानकारी दी गई है, सही आंकलन करें।

## खबर संक्षेप



### भाजपा नेताओं ने सुना पीएम मोदी का देश के नाम संदेश

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार की रात को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देश को संबोधित किया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, प्रदेश के मंत्री गुरु खुशवंत सिंह, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित भाजपा के प्रदेश और जिले के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में एकात्म परिसर में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

### 37 अधिकारियों कर्मचारियों के तबादले

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में 37 अधिकारियों-कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी से लेकर राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, लेखापाल और सहायक ग्रेड-2 तक के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।

### अमर पुनः कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन निर्वाचित

**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी पुन : कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन निर्वाचित हुए हैं। दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय बैठक में कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। देशभर के 150 से अधिक वरिष्ठ व्यापारियों की उपस्थिति में वर्ष 2026-2028 के लिए कैट के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। अमर पारवानी के अलावा बीसी भरतिया को दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रवीण खंडेलवाल पुन : राष्ट्रीय महासचिव, बृजमोहन अग्रवाल पुनः राष्ट्रीय चेयरमैन निर्वाचित हुए हैं। छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ से अमर पारवानी का दोबारा इस महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित होना छत्तीसगढ़ के 12 लाख व्यापारियों के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है।

## गैस चोरी कर टंकी में मिला रहे पानी

# एलपीजी का अवैध कारोबार बढ़ा, एजेंसी से बगैर पर्ची सिलेंडरों से भरा वाहन निकल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूरे प्रदेश में एलपीजी की किल्लत बनी हुई है, जिसके कारण घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कई एजेंसी के संचालक अधिक मुनाफा के लालच में अवैध रूप से इसका कारोबार भी करने लगे हैं।

कई एजेंसी से बिना पर्ची काटे ही गैस सिलेंडरों से भरे छोटी वाहन निकल रहे हैं, जिसे दोगुना से भी अधिक कीमत पर होटल सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बेचा जा रहा है। कई एजेंसी के संचालक इस काम के लिए बिचौलिए भी रखे हुए हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से गैस रीफिलिंग से लेकर सिलेंडर बेचने का अवैध व्यवसाय भी कर रहे हैं। ये बिचौलिए एजेंसियों के संपर्क में हैं। यही नहीं, गैस सिलेंडरों में अब पानी भी मिलाया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि टंकी से गैस की चोरी कर उसमें वजन के बराबर पानी मिलाकर डिलीवरी की जा रही है। हाल ही में इसका एक मामला सामने भी आ चुका है, जिसकी शिकायत खाद्य विभाग में भी की गई है।



### बगैर पर्ची के 42 सिलेंडरों से भरे वाहन पकड़े खाद्य विभाग को जानकारी दिए बगैर छोड़ दिया

खमतराई पुलिस ने 11 अप्रैल को शाम 5 बजे मोवा स्थित लालमणि इंडेन गैस एजेंसी के सिलेंडरों से भरा छोटा हाथी वाहन को पकड़ा था। उसमें 42 भरे हुए सिलेंडर थे, जिसमें करीब 32 घरेलू एवं 8 कमर्शियल सिलेंडर थे। इस वाहन चालक के पास एजेंसी द्वारा काटी गई एक भी पर्ची नहीं मिली थी। इस तरह वह अवैध रूप से सिलेंडरों को कहीं डिलीवरी करने ले जा रहा था। पुलिस वाहन को जब्ती बनाकर थाना लेकर आई। इधर अवैध सिलेंडरों से भरा वाहन जब्ती की खबर लगते ही खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में पुलिस से संपर्क कर जानकारी भी ली थी, जिस पर पुलिस ने जब्ती का कारण भी बताया। इस पर खाद्य विभाग के अफसरों ने थाना प्रभारी से बातचीत कर बताया था कि शनिवार और रविवार छुट्टी है, इसलिए सोमवार 13 अप्रैल को विभाग के इंस्पेक्टर को जांच के लिए भेजेंगे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने सिलेंडरों से भरा वाहन छोड़ दिया। खाद्य विभाग के अधिकारी का कहना है कि इस मामले में खमतराई थाना प्रभारी को पत्र लिखा गया है और जब्त किए गए सिलेंडर एवं वाहन को छोड़ने का कारण पूछा है।

### 984 रुपए की जगह 2700 रुपए में बेच रहे

गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार करने वाले व्यवसायी कई गैस एजेंसियों के संपर्क में हैं। वे एजेंसी से 1200 से 1500 रुपए में सिलेंडर खरीदकर उसे 2100 से 2700 रुपए तक बेच रहे हैं। ऐसा ही अवैध कारोबार कुशालपुर संतोषी चौक स्थित जेके कंस्ट्रक्शन के सामने धनीराम बर्तन दुकान में चल रहा है। इस दुकान से गैस सिलेंडरों की रीफलिंग से लेकर अधिक दाम पर बेचा जा रहा है। बर्तन दुकान के संचालक ने कुछ लोगों को हायर कर रखा है, जिनका संपर्क सीधे कुछ गैस एजेंसियों के संचालकों से है। इस अवैध कारोबार का एक विडियो के साथ खाद्य विभाग में शिकायत भी हुई है। इस मामले में विभागीय अधिकारी द्वारा जांच कराकर कार्रवाई करने का दावा किया जा रहा है। इधर कुशालपुर के एक स्थानीय व्यक्ति ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया है कि बर्तन दुकान में अभी भी गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार चल रहा है।

### घरेलू सिलेंडर से निकल रहा पानी

परवेज गैस एजेंसी का कार्ड उपभोक्ता धर्मेंद्र रायपुरा इंद्रप्रस्थ फेज-2 का निवासी है। उसने 14 फरवरी को बुकिंग कराई थी, जिसकी डिलिवरी उसकी घर पर मिली थी। डिलिवरी के दौरान सिलेंडर को तौल मशीन से वजन कर नहीं दिया था। डिलिवरी मिलने के कुछ दिनों के बाद जब उसने सिलेंडर को रसोई में लगाया तो वह दो दिन में ही बंद हो गया। इसके बाद जब सिलेंडर की जांच की तो उसमें से गैस के साथ पानी निकलने लगा।

### जांच पड़ताल की जा रही

इन तीनों मामले में जांच-पड़ताल की जा रही है। एक में नोटिस भी जारी किया है। गैस सिलेंडरों के अवैध कारोबार में संलिप्त कोई भी हो, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- भूपेंद्र मिश्रा**
खाद्य नियंत्रक रायपुर

### मामले की जानकारी नहीं

इन तीनों मामले की जानकारी नहीं है। विभाग से जानकारी मंगाता हूं। इस तरह की शिकायत आई है, तो जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- कीर्तिमान सिंह राठौर**
अपर कलेक्टर

# आईसीएमआर के राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित होगी आंबेडकर अस्पताल में बनी सिकलसेल डायग्नोस्टिक किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आंबेडकर अस्पताल के मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एमआरयू) में खोजी गई सिकलसेल डायग्नोस्टिक किट का प्रदर्शन दिल्ली में आयोजित आईसीएमआर के "इनोवेटर्स टू इंडस्ट्री कनेक्ट" समिट में किया जाएगा। यह समिट 23 अप्रैल 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जहां देशभर के प्रमुख बायोमेडिकल इनोवेटर्स और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के एमआरयू के वैज्ञानिकों के सिकल सेल डायग्नोस्टिक किट को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। किट की खोज एमआरयू के वैज्ञानिक डॉ. जगन्नाथ पाल, डॉ. योगिता राजपूत एवं उनकी टीम ने किया है। इस किट के अनुसंधान में एमआरयू की नोडल ऑफिसर डॉ. मंजुला बेक का विशेष सहयोग रहा है। यह किट विशेष रूप से नवजात शिशुओं में सिकल सेल एनीमिया के शीघ्र निदान तथा एंटीनेटल (गर्भावस्था के दौरान) जांच को ध्यान में रखकर विकसित की गई है। आईसीएमआर के "मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र" कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर से चयनित शीर्ष 10 तकनीकों में इस किट को स्थान मिला है। इस सूची में आईआईटी गुवाहाटी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली तथा टाटा मेमोरियल सेंटर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं।

# संदिग्ध क्लेम के निपटारे में उत्कृष्ट प्रदर्शन पीएमजेएवाय में छत्तीसगढ़ को दो प्रतिष्ठित पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संदिग्ध क्लेम के निपटारे सहित प्रभावी संचालन, सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था तथा पारदर्शी क्लेम प्रबंधन प्रणाली के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह सम्मान निरंतर सुधार की दिशा में हो रहे प्रयासों का परिणाम है। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने 17 एवं 18 अप्रैल को पुणे में आयोजित चिंतन शिविर में देश के सभी राज्यों को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य को योजना के प्रभावी संचालन के लिए पहला पुरस्कार हाई ट्रिगर एफिकेसी यानी संदिग्ध क्लेम की पहचान एवं उनके प्रभावी विश्लेषण में उल्लेखनीय दक्षता प्रदर्शित करने। उन्नत आईटी आधारित मॉनिटरिंग प्रणाली तथा सुदृढ़ ऑडिट व्यवस्था के माध्यम से अनियमितताओं की समयबद्ध पहचान सुनिश्चित करने के लिए दिया गया। वहीं दूसरा पुरस्कार टाइमली प्रोसेसिंग ऑफ सस्पेसियस क्लेम्स यानी संदिग्ध दावों के त्वरित निपटान में उत्कृष्ट प्रदर्शन और निर्धारित समय-सीमा के भीतर क्लेम की जांच, निर्णय एवं निष्पादन सुनिश्चित कर पारदर्शिता एवं जवाबदेही को मजबूत करने के लिए दिया गया। राज्य में क्लेम ऑडिट तंत्र को सशक्त बनाने, ट्रिगर-आधारित निगरानी प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने तथा अस्पतालों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के कारण संदिग्ध प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। इसके परिणामस्वरूप क्लेम प्रोसेसिंग की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है तथा अनावश्यक विलंब में कमी आई है, जिससे योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "यह सम्मान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य तंत्र की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और निरंतर सुधार की

# चालू है गर्मी का प्रकोप, राजनांदगांव 45, रायपुर- दुर्ग में 43 डिग्री का कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के मध्य इलाके में अभी गर्मी का प्रकोप जारी है। शनिवार को राजनांदगांव का तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया, वहीं दुर्ग और रायपुर में 43 डिग्री की गर्मी ने कहर बरपाया है। शहरी इलाके में दिन के साथ रात भी उबल रही है और यहां का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक ज्यादा हो गया है। गर्मी से राहत और मौसम में बदलाव की संभावना अभी दिखाई नहीं पड़ रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक अभी सरगुजा और बस्तर में गर्मी ज्यादा असर नहीं दिखा रही है। यहां का तापमान अभी भी 40 डिग्री से नीचे है। वहां गर्मी का प्रभाव अप्रैल के अंत में नजर आने की संभावना है। प्रदेश का मध्य इलाका गर्मी की चपेट में पूरी तरह आ चुका है। इन क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़ोतरी हो रही है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और राजनांदगांव में लू जैसे हालत बने हुए हैं। दिनभर की तेज गर्मी के बाद अब रात में राहत नहीं मिल रही है। पिछले चौबीस घंटे में शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक था।



### प्रमुख शहरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 43.2 | +3.8 |
| माना | 42.8 | +3.4 |
| बिलासपुर | 42.4 | +2.0 |
| पेंड्रा | 39.8 | +2.5 |
| अंबिकापुर | 39.6 | +2.6 |
| जगदलपुर | 39.8 | +2.5 |
| दुर्ग | 43.2 | +3.0 |
| राजनांदगांव | 45.0 | +4.0 |

# 'दिशा दर्शन भ्रमण' आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम : मंत्री राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल और मार्गदर्शन में संचालित "दिशा दर्शन भ्रमण" योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी रूप से आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में सूरजपुर जिले की लगभग 55 महिलाएं, जो विभिन्न महिला स्वसहायता समूहों से जुड़ी हैं, अध्ययन भ्रमण के तहत रायपुर पहुंचीं। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने रायपुर-खरोरा स्थित सोया प्रोसेसिंग प्लांट का अवलोकन कर उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं विपणन की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा।

प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाओं में स्वरोजगार के प्रति नया आत्मविश्वास जागृत हुआ और उन्होंने अपने क्षेत्रों में छोटे स्तर पर प्लांट स्थापित कर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े स्वयं प्लांट परिसर में उपस्थित रहीं और महिलाओं से सीधे संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इच्छुक महिला स्वसहायता समूहों को सोया प्रोसेसिंग जैसे लघु उद्योग स्थापित करने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

# डामर का रेट हुआ दोगुना, ठेकेदार एग्रीमेंट करने से पीछे हट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें बढ़ने से डामर की कीमत दोगुनी हो गयी है। पूर्व में 50 हजार रुपए टन में मिलने वाला डामर वर्तमान में 98 हजार रुपए टन पर पहुंच गया है। डामर की बढ़ती कीमत से परेशान ठेकेदार पूर्व में लिए गए टेंडर का एग्रीमेंट नहीं कर रहे हैं। इससे सड़क निर्माण का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया है। छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बीरेश शुक्ला ने राज्य सरकार से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय की तरह रेट रिवाइज कर राहत देने मांग की है। उल्लेखनीय है कि मटेरियल के बढ़ते दामों के कारण निर्माण कार्य प्रभावित होने पर पिछले दिनों छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर्स एसोसिएशन की कोर कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें कांट्रेक्टरों ने चेता दिया था कि करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों की निविदाएं पूरी हो चुकी हैं, लेकिन मटेरियल के दाम डेढ़ गुना तक बढ़ जाने के कारण ठेकेदार एग्रीमेंट करने से बच रहे हैं। इसके साथ ही नए टेंडर में ठेकेदार शामिल नहीं हो रहे, इस कारण टेंडर की तारीख बढ़ाई जा रही है।

- कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने शासन से राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह रियायत देने की मांग की

# गुणवत्ता विहीन साड़ी सप्लाई पर एजेंसियों-आपूर्तिकर्ताओं पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को वितरित की गई साड़ियों की गुणवत्ता को लेकर सामने आई शिकायतों पर छत्तीसगढ़ सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शासन स्तर पर इसकी जांच शुरू हो गई है। संचालक, महिला एवं बाल विकास ने छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र जारी कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में साड़ी वितरण के लिए जारी किए गए क्रय आदेश के तहत कुछ जिलों से गुणवत्ता में कमी और निर्धारित मापदंडों में विचलन की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। महिला बाल विकास विभाग ने कहा है कि प्रदाय की गई साड़ियां दुर्ग, धमतरी, कबीरधाम और रायगढ़ जिलों प्रदाय की गई साड़ियों के मापदंड में कमी पाई गई। जारी पत्र के आधार पर मामले की जांच के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई गई है। समिति में महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक दिलदाल सिह मरावी को अध्यक्ष बनाया गया है। अन्य सदस्यों में गांधी भारद्वाज संयुक्त संचालक, मुक्ता नंद खुंटे उप संचालक भंडार, उप संचालक बीडी पटेल, शिव सोनी सहायक संचालक और शुचि सुल्तानिया चावड़ा लेखाधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

**कार्रवाई सुनिश्चित करें :** विभागीय स्तर पर गठित जांच समिति द्वारा किए गए परीक्षण में कुछ स्थानों पर मानकों से विचलन की पुष्टि भी हुई है। इसके बाद अब मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

- प्रबंध संचालक खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड को पत्र जारी

## पानी का संकट इन वार्डो में भी बोरवेल का लेवल डाउन, टैंकर भरोसे रहवासी

# गणेश नगर, चंडीनगर, आमासिवनी, भवानी नगर, मोवा और कापा में जलसंकट, रहवासियों ने घेरा जोन कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में बढ़ते जलसंकट को लेकर जोन 9 क्षेत्र के चंडीनगर, गणेश नगर, आमासिवनी, भवानी नगर, दुबे कालोनी मोवा, कांपा सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों के रहवासियों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन के नेतृत्व में मोतीलाल नेहरू वार्ड के छाया पार्षद गावेश साहू, कांग्रेसी नेता पंकज शर्मा की उपस्थिति में स्थानीय लोगों ने मोवा स्थित जोन कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है बार-बार शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन जल संकट का स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया। भुक्तभोगियों ने जल संकट के प्रति जोन के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराने मटका लेकर जोन 9 कार्यालय का घेराव किया।



दरअसल, चंडीनगर, गणेश नगर, मोवा क्षेत्र के दुबे कालोनी, अशोका इंप्रेशन में सैकड़ों परिवार जल संकट से जूझ रहे हैं। नलों में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच रहा है। बोरवेल सूख गए हैं इसके चलते लोगों को पानी टैंकर के भरोसे रहना पड़ रहा है। कांपा, नहरपारा, डबरीपारा इलाके में एक माह पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली।

पानी संकट से जूझ रहे लोगों ने बताया निगम की ओर से लगातार पानी टैंकर की मांग करने के बाद भी प्रभावित इलाके में नियमित रूप से पानी टैंकर नहीं भेज रहे, जिससे महिलाओं को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पानी टैंकर की संख्या बढ़ाने की मांग लोगों ने जोन के अधिकारियों से की।

### इंदिरा गांधी वार्ड- 3 जगह बोरवेल सूखे

हैदरी मस्जिद के पास और जोरा पारा तथा सिंधी स्कूल के पास लगाए गए बोर का जलस्तर गिरने से पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड पार्षद अवतार बागल ने बताया कि इनमें से 2 जगह के मोटर जल गए हैं, मोटर बदलने कहा गया है। इसी तरह गुरु गोविंद सिंह वार्ड में आधा दर्जन से ज्यादा इलाके जल संकट से प्रभावित हैं, उनमें पंडरी स्थित बेहरा कालोनी, शीतला कालोनी, झंडा चौक, खादी भंडार के पास पुराना रोजगार कार्यालय वाला क्षेत्र, जगन्नाथ नगर, इमाम बाड़ा, भूतेश्वर मंदिर, कालीनगर, सिद्दिकी गली, पटवारी गली । प्रभावित इलाकों के बोर सूखने और नलों में पानी का प्रेशर कम आने से लोग परेशान हैं।

**खबर संक्षेप**

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम गड़बेड़ा चौक में एक कार की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। पिथौरा पुलिस को दिनेश पटेल पिता डिग्री पटेल निवासी नवगढ़ी बसना ने बताया कि 19 मार्च को कार क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 5002 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125 ए बीएनएस, 184 एमवी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ उत्पीड़न

**महासमुंद।** शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से उत्पीड़न किए जाने की शिकायत पीड़ित महिला ने सरायपाली थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता व सरायपाली निवासी महिला ने एफआईआर में बताया कि घटनास्थल ग्राम चरौदा भिलाई में 9 मार्च से 17 अप्रैल तक आरोपी भावेश कुमार साहू पिता प्रफुल साहू पंचशील नगर चरौदा भिलाई ने उसके साथ शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक उत्पीड़न किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 85 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### परशुराम की जयंती पर महिलाओं ने की भगवान महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खिरोरा में भगवान परशुराम की जयंती पर महिलाओं ने भगवान महादेव मंदिर पूजा अर्चना की। शस्त्र और शास्त्र के महाज्ञानी परशुराम की जयंती 19 अप्रैल 2026 को मनाया गया है। इस दिन अक्षय तृतीया भी है। भगवान विष्णु के छठें अवतार परशुराम की पूजा विशेष रूप से शक्ति, न्याय और धर्म की रक्षा के लिए की जाता है।

### अधिवक्ता परिषद का विशेष कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई महासमुंद द्वारा 21 अप्रैल को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्थानीय स्वाध्याय केंद्र सभागार में सायंकाल 6:30 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित होगा। अधिवक्ता परिषद महासमुंद द्वारा इस कार्यक्रम के लिए शहर के समस्त नागरिकों और प्रबुद्ध जनों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### इंडी गठबंधन का महिला विरोधी रूख इतिहास में होगा दर्जः तुषार

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसामिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया। तुषार ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष का महिला सशक्तीकरण विरोधी चेहरा फिर से सामने आया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के बिल को गिरा देना, उसका उत्सव मनाना और उसे अपनी जीत बताकर सरकार पर हंसना सचमुच निंदनीय और कल्पना से परे है।

# समाजों की सद्भावना बैठक में दिया समरसता- सामाजिक न्याय पर जोर

## 'अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान भाव का जागरण' विषय पर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुखों की सामाजिक सद्भावना बैठक कलेक्टोरेट रोड स्थित साहू समाज छात्रावास सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित समाज प्रमुखों एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख नागेन्द्र वशिष्ठ द्वारा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर की गई। 'अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान भाव का जागरण' विषय पर आयोजित इस बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने अपने-अपने समाज की पारंपरिक रीति-रिवाजों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक समय के साथ सामंजस्य स्थापित करने, सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। नागेन्द्र वशिष्ठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य का जन्म किस परिवार, जाति या आर्थिक स्थिति में होगा, यह पूर्वनिर्धारित नहीं होता, इसलिए समाज में जाति, धर्म या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सद्भावना के साथ-साथ सामाजिक न्याय भी आवश्यक है और यह कार्य केवल सरकार के भरोसे संभव नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों के आपसी सहयोग से ही इसे साकार किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम पटेल ने किया।

**खास बातें**

- पारंपरिक रीति-रिवाजों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक समय के साथ बनाएं सामंजस्य



**ये रहे उपस्थित**

बैठक में सर्व आदिवासी समाज, ब्राह्मण समाज, कुर्मी समाज, केशरवानी समाज, कंवर समाज, वैष्णव समाज, कलार समाज, ढीमर समाज, सिख समाज, सिंधी समाज, अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, देवांगन समाज, सेन समाज, मरार पटेल समाज, सतनामी समाज, पाल समाज, चौहान समाज, यादव समाज, कुम्हार समाज, कसेर समाज, पटवा समाज, लोहार समाज, गुप्ता समाज एवं साहू समाज सहित अन्य समाजों के प्रमुखजन उपस्थित रहे।

## लापरवाही : 15 गांव के हजारों लोग जर्जर रोड पर सफर करने को बेबस

# बलौदाबाजार से सिमगा सड़क के लिए राशि स्वीकृत, 2 वर्ष बाद भी नहीं शुरू हो पाया काम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

ग्राम रिसदा में रविवार की सुबह सीमेंट बनने वाली क्लिंकर का चूरा सड़क पर गिर गया जिससे कई लोग फिसल कर गिर गए। कई लोग अनबैलेंस हो गए, यह माजरा सुबह 7 के बाद सामने आया। बलौदाबाजार से सिमगा जाने वाली मार्ग 2 वर्षों से नवीनीकरण का बाट जोह रहा है। शि स्वीकृत होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने के चलते करीब 15 गांव के लोग सड़क पर रोज इसी तरह की पीड़ा से गुजर रहे हैं।

- सीमेंट क्लिंकर गिरने से कई लोग हुए हादसे का शिकार

बलौदाबाजार - सिमगा सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। भारी वाहन लगातार गुजर रहे हैं। इन भारी वाहनों के गुजरने से रोड क्रॉस करने में आम जनता को भारी तकलीफों के सामना करना पड़ रहा है। सड़क खराब होने के चलते कच्चा माल लेकर परिवहन करने वाले भारी वाहनों के क्लीनिकर, कोयला, जिप्सम,रेत सड़क पर गिर रहे हैं जो छोटे कणों में परिवर्तित होकर धूल डस्ट का कारण बनरहे हैं, जिस कारण से 15 गांव के लोग सीधा परेशान हो रहे हैं। सांस से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। यहां का नवीनीकरण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है। दो महीना बाद बारिश शुरू होने वाली है। अगर बारिश शुरू हो गई तो सड़क का नवीनीकरण कब होगा यह आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**भारी वाहनों की आवाजाही से उड़ रही धूल से हो रहे बीमार**





**जल्द कार्य शुरू नहीं होने पर करेंगे घेराव**

इस रोड से संयंत्रों के बड़े-बड़े वीआईपी, एचआर हेड सहित विधायक, सांसद व दोनों पार्टियों के बड़े-बड़े नेता गुजरते हैं किंतु इस मार्ग का 2 साल बाद भी नवीनीकरण रुका हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग का नवीनीकरण शुरू किया जाए नहीं तो वह कलेक्ट्रोरेट का घेराव करेंगे।

**इन गांवों के निवासी हो रहे प्रभावित**

सीधा प्रभावित होने वाले गांव कोकड़ी, रिसदा, ढाबाडीह, सेमहराडीह, पड़कीडीह, चडी, करही, सुहेला, हथबंद, नवापारा, बिटकुली, केसली,सितापार सहित अन्य गांव शामिल है।मार्ग का नवीनीकरण शुरू किया जाए नहीं तो वह कलेक्ट्रोरेट का घेराव करेंगे।

### सिर्री में समर कैंप का समापन



**खरोरा।** खुशहाल बचपन परियोजना के अंतर्गत कैरिटास इंडिया द्वारा संचालित 4 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह रविवार को माध्यमिक विद्यालय, ग्राम सिर्री में आयोजित किया गया। इस समर कैंप का आयोजन समत गांवों ग्राम छड़िया, पदाभाट, आलेसुर, मददीह, केवराडीह, सिर्री, पचरी एवं भेझरीडीह में किया गया था। समापन समारोह के अंतिम दिन ग्राम आलेसुर, केवराडीह, मददीह, पदाभाट और बर्डीह के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जल संरक्षण विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता, कैरम बोर्ड, रस्सी कूद, मेहंदी प्रतियोगिता एवं 'कबाड़ से जुगाड़' गतिविधि शामिल रही। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए लैंप, डस्टबिन, एटीएम मशीन और "मेरे सपनों का स्कूल" जैसे मॉडल बनाकर प्रदर्शनी भी लगाई। सभी प्रतियोगिताओं के उपरांत प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन में विद्यालय स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें शिक्षिकाएं सावित्री वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, गायत्री देवांगन, कलावती धुरुवे, पूर्णिमा निषाद एवं ललिता देवांगन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में कैरिटास इंडिया खुशहाल बचपन परियोजना की जिला कार्यक्रम सहयोगी रुखसाना खान, कम्युनिटी एजुकेटर सरिता मधुकर तथा अकादमिक मेंटर गीतांजलि, चंद्रिका, लीलाश्वरी, भूनेश्वरी एवं दामिनी चंगुराम की भी अहम भूमिका रही। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन, ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं प्रधानाध्यापक वंदना मैडम का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## बूथ स्तर तक सक्रिय करें पार्टी को : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी की प्रथम कार्यकारिणी बैठक रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रभारी अशोक राज आहुजा एवं जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी अशोक राज आहुजा ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन का शीघ्र गठन करने के निर्देश दिए।

- जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

साथ ही प्रतिमाह कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करने तथा प्रत्येक तीन माह में जिले की समीक्षा बैठक सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने राजीव भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी बल दिया। जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को सक्रिय एवं सशक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक में प्रमुख रूप से कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, प्रदेश सचिव विमल साहू सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।



**दिग्गजों की रही उपस्थिति**

इसके अलावा ब्लॉक एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों में अंजनी साहू, प्रवीण सेन शहर अध्यक्ष, दीपक साहू ग्रामीण अध्यक्ष, हेमचंद केशरवानी कोषाध्यक्ष, खिलेंद वर्मा, लकेश साहू, छल्ला साहू, नीरज बांधे, जितेन्द्र नवरत्न, जिला महामंत्री सुनील साहू, सत्यनारायण ठाकुर, राधिका राय, उमा अनंत, लक्ष्मी साहू, जिला उपाध्यक्ष श्रद्धा मनीष वर्मा, लक्ष्मी ध्रुव, सेवती दीपचरण कैवर्त, रामप्रसाद वर्मा, लक्ष्मी पांडेय, प्रमिला साहू, वैभव केशरवानी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू भाटिया, अजीत बाजपेयी, गजपति यादव, प्रकाश ताम्रकार, काशी धृतलहरे, सम्पत ठाकुर, सुखदेव साहू, मोहन साहू, समीर अग्रवाल, सिद्धांत मिश्रा, अमर मिश्रा, सूर्यकांत वर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष हेमंत वर्मा सहित जिले के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पीएम श्री स्कूल टुण्डरा में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली रोड टुण्डरा में शुक्रवार को भव्य विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कक्षा पांचवी के बच्चों को विदाई दी गई । साथ ही साथ विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया ।

- उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ शुभारम्भ किया गया । तत्पश्चात प्रधान पाठक अरुण कुमार पटेल के द्वारा मंचस्थ अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं गुलाल से स्वागत किया गया । कक्षा पाँचवी में अध्ययनरत बच्चों को सम्मान स्वरूप विभिन्न खेलों एवं गतिविधियों से संबंधित प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया तथा बच्चों में उत्साहवर्धन हेतु पेन कॉपी के साथ पानी बाटल का भी वितरण किया गया। इस दरम्यान अतिथियों के द्वारा उपस्थित छात्रों को भविष्य में हमेशा आगे बढ़ते हुए अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपनी अपनी अनुभव साझा किए तथा अपने पढ़ाई लिखाई के साथ अपने गुरुजनों को धन्यवाद ज्ञापित किए । उक्त कार्यक्रम का संचालन मेलाराम यादव सहायक शिक्षक पी एम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बरपाली रोड टुण्डरा के द्वारा किया गया ।



**इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर अरुणकुमार पटेल प्रधान पाठक, उदित नारायण पैकरा संकुल समन्वयक, डॉ नागेन्द्र देवांगन पार्षद, अमृत लाल साहू पार्षद प्रतिनिधि, राम लाल केंवट अध्यक्ष शाला विकास समिति, जागेश्वर देवांगन सदस्य, हेमकुमार श्रीवास, भूपेन्द्र कुमार साहू आकांक्षा साहू सहायक शिक्षक, नंदलाल साहू, धनंजय साहू, गीताराम कमल संगीत शिक्षक व लखनलाल प्रधान खेल शिक्षक एवं छात्र गण उपस्थित थे ।

## दिवंगत प्रधानपाठक की पत्नी को दी 1.50 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

शिक्षकों ने मृतक के धरम पत्नी को चेक प्रदान किया गया है। आज ग्राम नगरदा विकासखंड कसडोल में छत्तीसगढ़ विद्यालयीन शिक्षक कर्मचारी संध कसडोल की ओर से स्व. चित्राकुमार भोई प्रधानपाठक शा.प्राथमिक शाला बार की धरम पत्नी विजया भोई को 1 एक लाख रुपये की नगद राशि सहयोग की गई। अध्यक्ष चोलन प्रसाद साहू, सचिव योगेंद्र कुमार श्रीवास, कोषाध्यक्ष तिजाऊ राम पैकरा, सुशील साहू, भुनेश्वर चंद्रा, जयकुमार पैकरा, बाबूलाल चौधरी, उपस्थित रहे। ग्राम नगरदा विकासखंड कसडोल में विकास खण्ड कार्यालय कसडोल की ओर से स्व. चित्रा कुमार भोई शा.प्राथमिक शाला बार की धरम पत्नी विजया भोई को 50000 (पचास हजार) रुपये की चेक प्रदाय की गई।



**पेज 9 के शेष**

### हत्या के प्रयास ...

चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, बलौदाबाजार ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पाया कि अभियोजन पक्ष घटना को संदेह से परे सिद्ध नहीं कर सका। इस आधार पर न्यायालय ने सभी छह आरोपियों को आरोपों से बरी कर दिया। आरोपी पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने प्रभावी पैरवी की।

# 150 एकड़ से अधिक रकबे में तैयार हो रही धान की फसल, 15 मई तक कटाई की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

गर्मी के इस मौसम में जहां अधिकांश स्थानों पर खेती-किसानी का काम लगभग थम सा गया है, वहीं आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धमनी और कोटनी में रबी धान की फसल किसानों के लिए खुशखबरी लेकर आई है। कोल्हान नाला के तट पर बसे इन गांवों के खेत इन दिनों हरियाली से आच्छादित हैं और समृद्धि की तस्वीर पेश कर रहे हैं। ग्राम पंचायत धमनी में लगभग 70 एकड़ भूमि में रबी सीजन के तहत धान की बोवाई की गई है। तेज गर्मी के बावजूद फसल की स्थिति काफी अच्छी बनी हुई है। यहां के किसानों ने मेहनत और संसाधनों के सहारे फसल को संभाले रखा है, जिससे खेतों में लहलहाती फसल साफ नजर आ रही है। धमनी के सरपंच प्रतिनिधि तुकेश्वर जांगड़े ने स्वयं करीब 10 एकड़ में रबी धान की बोवाई की है। अपनी फसल को इस अवस्था में देखकर वे काफी प्रसन्न हैं। उनका कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो इस बार उत्पादन अच्छा होने की पूरी उम्मीद है। वहीं, समीपस्थ ग्राम कोटनी में भी लगभग 80 एकड़ क्षेत्र में रबी फसल के अंतर्गत धान की खेती की गई है। यहां भी फसल की स्थिति संतोषजनक है और किसानों में उत्साह का माहौल है। इस पूरी सफलता के पीछे खेतों में लगे बोरवेल की अहम भूमिका रही है। सिंचाई के लिए नहर या अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद किसानों ने बोर के माध्यम से पानी की व्यवस्था कर फसल को जीवित रखा है। यही कारण है कि भीषण गर्मी के बीच भी फसल सुरक्षित और अच्छी स्थिति में बनी हुई है।

- सिंचाई के संसाधनों के अभाव में भी किसानों की मेहनत रंग लाई



**अच्छी पैदावार की उम्मीद**

किसानों के अनुसार, यदि सब कुछ ठीक रहा तो 15 मई से पहले ही धान की कटाई शुरू हो जाएगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आने की संभावना है।कुल मिलाकर, धमनी और कोटनी गांव में बोरवेल के सहारे तैयार हो रही रबी धान की फसल किसानों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है और आने वाले दिनों में यह मेहनत खुशहाली में बदलती नजर आ सकती है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहे कुएं, गिरता जलस्तर बना चिंता का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

एक समय था सब पूरा गांव इन्हीं कुंआ पर निर्भर रहता था, चाहे वह व्यावसायिक प्रयोजन हो या घरेलू उपयोग। हर कोई इन्हीं कुंआ पर निर्भर था पर आज इसकी देखरेख के अभाव में कुएं का अस्तित्व मिटता जा रहा है।

इस ओर नयी युवा पीढ़ी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण भूगर्भीय जलस्तर भी लगातार नीचे जा रहा है। कुआं जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लगभग तीन दशक पूर्व तक अधिकांश गांवों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए सबसे अधिक प्रयोग में आने वाले कुआं का वजूद समाप्ति के कगार पर आ गया है। पहले के समय में उपयोग करने वाले जनता को रस्सी के सहारे बाल्टी से पानी खींचना अब मुसीबत लगने लगा है।

अधिकांश लोग सबमर्सिबल और नल पर निर्भर हो गए हैं। भैंसा सहित आसपास के अधिकांश इलाके में कुएं का अस्तित्व समाप्त हो रहा है। नई पीढ़ी की उपेक्षा के कारण भूगर्भीय जलस्तर लगातार गिर रहा है। पहले कुएं पीने और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण थे, लेकिन अब नल और स्मार्सिबल पंप पर निर्भर हो गए हैं। कुएं की सफाई की कमी और जागरूकता के अभाव में जल संकट बढ़ रहा है।



### जीर्णोद्धार की मांग तेज

भैंसा बस स्टैंड स्थित मात्र एक कुंआ लंबे समय से साफ सफाई की बाट जोह रहा है। ग्रामीण सुरेश कुमार बंछोर, आत्मा राम जायसवाल ने बताया कि इसी कुआं से ग्रामीण प्यास बुझाते थे। इसी कुआं के पानी से ग्रामीण मंदिर में पूजा-पाठ करते थे परंतु अब घर से पानी लाना पड़ रहा है। जीर्णोद्धार पर किसी का ध्यान नहीं है। कुआं पहले प्रत्येक घर की जरूरत थी परंतु अब इसके अस्तित्व पर खतरे का बादल मंडरा रहा है।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के सम्मान में भाजपा प्रतिबद्ध : डॉ. दौलत राम पाल

**हथबंद।** लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े विषय पर जारी राजनीतिक चर्चा के बीच भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा से



महिला विरोधी रही है। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को 33% आरक्षण देने का ऐतिहासिक अवसर आया, तब विपक्षी दलों ने इसका समर्थन नहीं किया, जिससे उनकी मंशा स्पष्ट हो गई है। डॉ. पाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। "नारी शक्ति वंदन" जैसे ऐतिहासिक कदम के माध्यम से महिलाओं को राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी उदासीनता दिखाई है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को भटकाने का कार्य करते हैं।

### लोन दिलाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** लोन दिलाने के नाम पर 27.50 लाख रुपए ठगी करने के आरोपी को पंडरी थाने की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। कृष्णा राव की शिकायत पर पुलिस ने विधानसभा निवासी होरीलाल पंकज को गिरफ्तार किया है। एक अन्य की पुलिस पतासाजी कर रही है। कृष्णा राव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि होरीलाल तथा उसका साथी उसे बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर दस्तावेज हासिल कर लिया और अलग-अलग बैंकों से कृष्णा राव के नाम से लोन निकालकर ठगी का शिकार बनाया।

### वारंटियों के खिलाफ अभियान, 53 जेल भेजे गए

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के पश्चिम जोन के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर 53 वारंटियों की पतासाजी कर उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। वारंटियों के खिलाफ पुरानी बस्ती, डीडी नगर, आमानाका, आजाद चौक, सरस्वती नगर, कबीर नगर, न्यू राजेन्द्र नगर, टिकरापारा एवं मुजगहन क्षेत्र में 22 स्थायी वारंट एवं 31 गिरफ्तारी वारंट तामिल की गई। डीसीपी संदीप कुमार पटेल ने वारंटियों के विरुद्ध इस प्रकार का अभियान आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही।

### गांजा बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ग्राम मेडापाली में एक व्यक्ति के कब्जे से चार लाख से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी डोरीलाल उर्फ प्रेम पिता सेतकुमार पटेल निवासी मेड़ापाली के कब्जे से 8 किलो 106 ग्राम गांजा कीमत 4,05,000 रुपए को बरामद किया गया है।

## जयंती : प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

# धूमधाम से मनाई परशुराम की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखण्ड पलारी में अखंड ब्राह्मण सेवा समिति पलारी के तत्वाधान में गायत्री मंदिर में भगवान परशुराम जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसे सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर परिवार समाज सहित प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना करते हुऐ क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के लोग पूजा में शामिल हुए। पंडित जी द्वारा कथा में बताया कि भगवान परशुराम की जन्म भृगु वंश में हुआ था और बचपन का नाम रामभद्र था। शिव की कठोर तपस्या के बाद जब उन्होंने अस्त्र 'परशु' प्राप्त किया, तब से वे परशुराम कहलाए। एक कथा के अनुसार, भगवान शिव के दर्शन से रोकने पर परशुराम ने फरसा चलाया, जिससे गणेश जी का एक दांत टूट गया और वे 'एकदंत' कहलाए।चिरंजीवीः पौराणिक मान्यता के अनुसार, परशुराम जी अभी भी पृथ्वी पर निवास करते हैं और उन्हें आठ चिरंजीवियों में से एक माना जाता है। पूजा में उपस्थित बुजुर्ग एवं माताएं सहित छोटे-छोटे बच्चे पूजा भाग लिए



तत्पश्चात भोजन भंडारा प्रसादी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा,अनिरुद्ध मिश्रा महिला समाज प्रकोष्ठ यशप्रभा पांडे, शीला शुक्ला, फाल्गुनी मिश्रा, रोशनी शर्मा, रश्मि मिश्रा, गजेईश्वरी देवी, श्वेता पांडे, प्रगति तिवारी, सुनिता तिवारी, प्रीती झा, स्वाति त्रिपाठी, विभा तिवारी, नबिना झा सपना तिवारी, दीक्षा शर्मा, कंचन शर्मा, नीलकमल शर्मा, ज्योति मिश्रा, कीर्ति मिश्रा राहुल पांडे, रिषभ चौबे,सत्यनारायण शर्मा,विनय शर्मा, राकेश त्रिपाठी, किशनधर दीवान, सुमित तिवारी, रोशन चौबे, यशवंत तिवारी राजेश शर्मा

### परशुराम प्राकट्य उत्सव पर पूजन व भजन-कीर्तन

**खरोरा।** स्थानीय दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, मिडिल स्कूल खरोरा में भगवान श्री परशुराम प्राकट्य उत्सव के अवसर पर पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प वाचन के साथ हुआ। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष पं. अंजू



पांडेय ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष कर न्याय की स्थापना की। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में राजेश पांडेय, मथुरेश शर्मा, डोमार प्रसाद तिवारी, भूपेंद्र शर्मा, आर्यन द्विवेदी, दिलीप, सरिता शर्मा, अन्नपूर्णा द्विवेदी, पं. सोनम शर्मा, अर्चना पांडेय, शांति शर्मा, किरण शर्मा, कुसुम शर्मा, ईश्वरी पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान वार्ड क्रमांक 14 की रामायण मंडली की महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय बना दिया गया।

# एक करोड़ रुपए से संवरेगा अवरेठी तालाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता प्रबंधन को सशक्त बनाने । नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में नगर के अवरेठी तालाब परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का गरिमामय समारोह के बीच भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश तिवारी, विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए दो बड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य शुरू किया गया है अवरेठी तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु 100 लाख (1 करोड़) रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे तालाब का कायाकल्प किया जाएगा। शहर के कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए 4 एसएलआरएम्र सेंटरों के जीर्णोद्धार के लिए 150.64 लाख रुपये की लागत से कार्य किया जाएगा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की भाटापारा का सर्वांगीण विकास ही हमारा संकल्प और प्राथमिकता है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि शहर के भविष्य को संवारने की मजबूत नींव हैं।

- स्वच्छता के लिए 1.5 करोड़ के काम शुरू

# मणिकंचन केंद्र में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को नगर पालिका के ग्राम खरोरा स्थित मणिकंचन केंद्र में आग लग गई। बताया जा रहा है कि केंद्र में रखी गई कलर झिल्लियों में भीषण गर्मी के चलते आग लग गई। जिसे समय रहते काबू पा लिया गया। बता दें कि फायर ब्रिगेड को पहुंचने में तकरीबन 15-20 मिनट का समय लगते तक पालिका कर्मियों ने स्थानीय बोर की मदद से आग फैलने से रोका फिर फायर ब्रिगेड के पहुंचने पर पूरी तरह आग पर काबू पा लिया गया। पालिका द्वारा आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

# अग्नि सुरक्षा का पाठ, विद्यार्थियों और महिलाओं को सिखाए बचाव के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अदाणी पावर लिमिटेड, रायखेड़ा (जिला रायपुर) की सामाजिक पहल के तहत अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम तारासिव एवं रायखेड़ा में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्कूलों और समुदाय स्तर पर आग से बचाव, सतर्कता एवं आपात स्थिति में सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। तारासिव स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 59 विद्यार्थी, विद्यालय के प्राचार्य सहित 10 शिक्षक, फायर सेफ्टी विभाग के 4 अधिकारी, अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधि एवं 5 उत्थान कार्यक्रम से जुड़े सहायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फायर सेफ्टी विभाग के दीपक कुमार तथा अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधि द्वारा आग लगने के प्रमुख कारणों, उससे बचाव के उपायों एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को कार्बन डाई ऑक्साइड,



फोम एवं ड्राई पाउडर अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रायोगिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने स्वयं अभ्यास किया। रायखेड़ा महिला भवन स्थित सिलाई केंद्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में 45 महिलाएं, सेंटर इंचार्ज, फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारी, अदाणी फाउंडेशन की टीम एवं उत्थान सहायक शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं को घरेलू एवं कार्यस्थल पर आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें महिलाओं ने स्वयं भाग लेकर अभ्यास किया।

### 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया

दोनों कार्यक्रमों में कुल मिलाकर 120 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं महिलाओं को आपात स्थितियों में सुरक्षित प्रतिक्रिया देने और अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी प्रदान की गई। अदाणी फाउंडेशन द्वारा शिक्षा संस्थानों एवं सामुदायिक स्तर पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सुरक्षा एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।

### सिंधी महिला विंग व मंडल ने राहगीरों को पिलाया शरबत




**भाटापारा।** भारतीय सिंधु सभा महिला विंग व सिंधी महिला मंडल भाटापारा द्वारा सेवा केवल सेवा की भावना के तहत अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर एवं भीषण गर्मी को देखते हुए प्यासे राहगीरों के लिए ठंडे शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, महासचिव राजेश छाबड़िया पूज्य बिरादरी पंचायत के महासचिव नितिन भोजवानी, दीपक पंजवानी सहित महिला विंग की अध्यक्ष सोनी छाबड़िया, सचिव शीतल आर्य, आशा सबलानी, विशाखा बत्रा, त्रिवेंदर कौर, सुनीता गुरयानी, मीना छाबड़िया, प्रिया माधवानी,नंदनी खत्री,जया बत्रा, अंशू छाबड़िया, रचना पारप्यानी, सुमन गोईंदानी, सुनीता माखिजा, रीमा बत्रा, साक्षी आर्य, वर्षा पंजवानी, शालू गोईंदानी मन्नत पंजवानी आदि उपस्थित रहे।उक्त जानकारी शीतल आर्य द्वारा दी गई।







